सं०सं०–17 / विविध–01–64 / 2023

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

रेणु कुमारी,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

प्रेषित,

**डा0 रूक्शाना परवीन,**
चिकित्सा पदाधिकारी (बॉण्ड), स्त्री रोग एवं प्रसव,
सदर अस्पताल, गोपालगंज।

पटना, दिनांक– / /2025

विषय :– **NEET- SS 2024 के Counselling में भाग लेने / नामांकन हेतु अनापत्ति प्रदान करने के संबंध में।**

महाशया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपके द्वारा NEET- SS 2024 के Counselling में भाग लेने / नामांकन हेतु अनापत्ति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

विदित हो कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के पत्रांक–1237 / सी0, दिनांक–19.04.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उप विकास आयुक्त, गोपालगंज के द्वारा दिनांक–04.02.2025 को सदर अस्पताल, गोपालगंज का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के उपरान्त समर्पित निरीक्षण प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया कि दिनांक–01.02.2025 को आरती देवी नाम की मरीज को सदर अस्पताल, गोपालगंज में भर्ती कराया गया। स्त्री रोग एवं प्रसव विभाग में रोस्टर के अनुसार डा0 रूक्शाना परवीन ऑन ड्यूटी थी, परन्तु वे अपने कर्त्तव्य स्थल से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित थी, जिसके कारण मरीज आरती देवी को आपातकालीन वार्ड में भेजा गया, जहाँ ईलाज के क्रम में मरीज का देहांत हो गया। उक्त कृत्य से परिलक्षित होता है कि आपके द्वारा अपने कर्त्तव्यों के प्रति उदासीनता बरती जा रही है, जो अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है। उक्त कृत्य के कारण जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के द्वारा आपके विरूद्ध नियमसंगत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

अतः उक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में आपके द्वारा NEET- SS 2024 के Counselling में भाग लेने / नामांकन हेतु अनापत्ति प्रदान करने के निमित्त समर्पित अभ्यावेदन को सम्यक् विचारोपरान्त अस्वीकृत किया जाता है।

उक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सं० सं०–17 / विविध–01–64 / 2023– 520(17) / पटना, दिनांक :–23 / 05 / 2025

प्रतिलिपिः– सिविल सर्जन, गोपालगंज / अधीक्षक / उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आई0 टी0 मैनेजर / प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Renu Kumari 23/05/2025

विशेष कार्य पदाधिकारी।